







**खबर संक्षेप**

### ग्राम पटेल संघ की मासिक बैठक 12 को

**बालोद।** ग्राम पटेल संघ बालोद का मासिक बैठक 12 दिसंबर दिन शुक्रवार समय दोपहर 12 बजे स्थान मां बंजारी धाम जुगेरा में आयोजित किया गया है। जिसमें तहसील बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौडी लोहारा, तहसील डौडी, के समस्त ग्राम पटेलो कि उपस्थित अनिवार्य है। यह जानकारी संघ के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दिया।

### मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के तहत मृतक की पत्नी को दो हजार का चेक वितरित



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोंडी के मकसूदन ईसदा के मृत्यु हो जाने पर सरपंच दिनेश्वरी चुरामन साहू उपस्थिति मे मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के तहत गरीबी रेखा में उनके नाम होने पर उनकी पत्नी भानुमति साहू को दो हजार का चेक प्रदान कर उनको श्रद्धांजलि योजना का लाभ दिया गया। वर्तमान में भानुमति वार्ड पंच भी है। उन्हें बीस हजार रूपए और शासन से मिलने का प्रावधान भी है। उन्हें अति शीघ्र दिया जाएगा इस दौरान सरपंच दिनेश्वरी साहू ने कहा की शासन से जो भी सुविधा ग्रामवासियों को मिलना चाहिए इसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूंगा।

### युवक ने की ढाबा संचालक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** युवक को खाने का पैसा मांगना ढाबा मालिक को महंगा पड़ गया। जहां युवक ने ढाबा मालिक से मारपीट कर दी। जिसके बाद ढाबा मालिक ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम धोबनपुरी निवासी दुष्यंत कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि ग्राम चिरचारी स्थित ढाबा का संचालन करता हूं, 05 दिसंबर के रात्रि 08 बजे मैं अपने ढाबा में था, तभी ग्राम करहीभदर निवासी पुनेन्द्र ठाकुर मेरे ढाबा में आकर खाना खाया, जिसका खाने का बिल 390 रूपया जमा करने के लिए बोलने पर मैं पैसे दे दिया हूं कहकर गाली गलौच करते हुए चला गया। प्रार्थी ने बताया 06 दिसंबर के सुबह करीबन 09 बजे उक्त युवक अपने मोटर साइकिल सीजी 24 वी 0776 में ढाबा मे आकर मोटर साइकिल में लोहे के पाईप को निकाल धमकी देते हुए लोहे के पाईप से मारपीट करने लगा जिसे मेरे कर्मचारी योगेश्वर साहू उसके हाथ में रखे लोहे के पाईप को छुडायें है व बीच बचाव कियें है।

## मनरेगा श्रमिकों के प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

मनरेगा मजदूरों को कौशल विकास, प्रोजेक्ट उन्नति के तहत 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा श्रमिकों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मनरेगा में 60 दिवस का कार्य पूर्ण कर चुके मजदूरों के लिए राजमिस्त्री (मेसन) प्रशिक्षण का शुभारंभ ग्राम पंचायत सोरर (गुरूर) में किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रगति और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा ओपी साहू द्वारा संभाली जा रही है, जो पूरे आयोजन का नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि श्रमिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हो।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों को तकनीकी क्षमता प्रदान कर उन्हें स्वावलंबी बनाना और निर्माण कार्यों में कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पीएम आवास एवं मनरेगा कार्यों के अंतर्गत बनने वाले आवासों और संरचनाओं के निर्माण में प्रयोग होने वाली तकनीकें जैसे ईंट जोड़ाई, सीमेंट–रेत मिश्रण का अनुपात, प्लास्टरिंग, लेवलिंग और निर्माण से जुड़ी सुरक्षा विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षक श्रमिको को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं।

**कौशल विकास से बढ़ेगी स्वावलंबन क्षमता**



**आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी**

कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और आने वाले समय में स्थानीय निर्माण कार्यों के लिए कुशल श्रमिकों की उपलब्धता भी बढ़ेगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने वाले श्रमिकों को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनके आर्थिक स्तर में सुधार होगा। ग्राम पंचायत सोरर में प्रशिक्षण ले रहे श्रमिक कार्यक्रम के प्रति उत्साहित हैं और इसे अपने भविष्य के लिए अत्यंत लाभदायक मान रहे हैं।

**कार्यक्रम**

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं और दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**कलेक्टर में दिखा दिव्या मिश्रा का संवेदनशील रूप गोद में लेकर नन्हीं तेजस्वी को दिया स्नेह**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद





कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

आज आयोजित जनदर्शन के दौरान कलेक्टर मिश्रा का एक और आत्मीय एवं संवदेनशील स्वरूप देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने जनदर्शन में अपने माता–पिता के साथ पहुँची ग्राम परसोदा की नन्हीं बच्ची तेजस्वी को अपने गोद में लेकर स्नेह एवं दुलार देने के साथ–साथ उनका कुशलक्षेम भी पूछा। बच्ची भी बड़ी देर तक कलेक्टर की गोद में आराम से बैठी रही। इस अवि"मरणीय पल को वहां उपस्थित ग्रामीण व अधिकारीगण अपने मोबाईल पर कैद करते दिखे। उल्लेखनीय है कि ग्राम परसोदा की नन्हीं बच्ची तेजस्वी को कलेक्टर मिश्रा द्वारा जिले में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत गोद लेकर उनकी समुचित देखभाल की जा रही है। नन्हीं बच्ची तेजस्वी अपने माता जागृति एवं पिता भोमेश के साथ कलेक्टर मिश्रा से मुलाकात करने कलेक्टर जनदर्शन में पहुँची थी। कलेक्टर मिश्रा के मधुर एवं संवेदनशील व्यवहार से बच्ची कुमारी तेजस्वी एवं उनके माता–पिता बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। ज्ञातव्य हो कि अनेक मौके पर कलेक्टर मिश्रा का संवेदनशील एवं आत्मीय स्वरूप सहज ही देखने को मिल जाता है। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

जनदर्शन में आज ग्राम के सरपंच ने बंजारी धाम मंदिर में डोम शेड का निर्माण कराने, ग्राम सांगली के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, ग्राम भरदाकला की अनुपा बाई एवं गुरूर के नंदूराम ने अतिक्रमण हटाने, ग्राम रेंघई की लता बाई ने दिव्यांग पेंशन दिलाने, रेवती नवागांव के ग्रामीणों ने नल जल योजना का लाभ दिलाने एवं ग्राम बोरगहन के जोहन राम ने गन्ने की खेती हेतु पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सीनियर राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग के लिए बालोद टीम का चयन हुआ



**बालोद।** राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता हेतु जिले के खिलाड़ियों का चयन किया गया। 19 से 21 दिसंबर तक रायपुर में होने वाली सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप के लिए बालोद जिला टीम का चयन किया गया। जिसमें बालोद जिला से 8 महिला खिलाड़ी एवं आठ पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों को बालोद थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा, बालोद जिला वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष आरपी यादव, बालोद जिला वेट लिफ्टिंग संघ उपाध्यक्ष जहारुद्दीन कुरैशी, कोच प्रकाश देशमुख और बालोद जिला वेटलिफ्टिंग संघ सचिव नरेंद्र कुमार साहू के अलावा जिम के सदस्य शार्दुल मिनपाल, मुकेश सोनकर, संतोष वासनिक, राजीव नयन शर्मा, योगेश कुमार, रितेश कुमार, जितेंद्र पटेल, सुषमा ढीमर, भूमिका ढीमर, रिया ठाकुर ने हर्श व्यक्त किया।

## जिला प्रशासन की पहल, 150 जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं समाज कल्याण विभाग ने संस्थाओं में जाकर बांटे कंबल**





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में बढ़ती कड़ाके की ठंड और शीत लहर के असर को देखते हुए जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल की है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न संस्थाओं में निवासरत बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु गुणवत्तायुक्त कंबल प्रदान किए गए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने निर्देश दिए थे कि जिले की संस्थाओं में रहने वाले किसी भी हितग्राही को ठंड के कारण परेशानी न हो। इसी तारतम्य में डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर और समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने स्वयं विभिन्न संस्थाओं में जाकर जरूरतमंदों को कम्बल प्रदान किया है। उन्होंने सुखाश्रय वृद्धाश्रम, अपना घर वृद्धाश्रम, दिव्यांगजनों के लिए संचालित घरौंदा गृह महिला एवं पुरूष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रशामक गृह और नशामुक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वहां रहने वाले लगभग 150 हितग्राहियों को गर्म कंबल वितरित किए।

**प्लास्टिक मुक्त गांव की पहल, स्वच्छाग्राही दीदियां की मुहिम**

## कपड़े के थैलों को बढ़ावा देने ग्रामीणों ने प्लास्टिक छोड़ स्वच्छता अभियान पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायतों में स्वच्छाग्रही समूह के साथ अब ग्रामीण भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष अभियान चला रहे हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन को दैनिक जीवन से हटाने के लिए जन जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। गाँव-गाँव में बने ब्लैक स्पॉट को साफ कर उन्हें सुंदर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

जहाँ कहीं भी प्लास्टिक फैला मिलता है, स्वच्छाग्रही दीदियां डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दौरान सफाई करती हैं और लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा विकासखंड के सभी ग्रामों में स्वच्छाग्रहियों के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट समाप्त करने की कार्य योजना पर काम कर रहे हैं। लगातार हो रहे जागरूकता अभियान का असर अब दिखने लगा है और ग्रामीणों के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।



**ग्रामीणों को किया प्रेरित**

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। महिला समूहों, स्वच्छाग्रही दीदियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से चौपालों के माध्यम से नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक पॉलिथीन का पूर्ण बहिष्कार कर कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि गाँवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा द्वारा ग्रामों में जाकर ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम की जानकारी देना और उसे त्यागने प्रेरित करना सराहनीय पहल के रूप में सामने आया है।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा का श्रवण किया इंद्रजीत सिंह छोटू ने

भिलाई। दुर्गा समिति टाटा लाइन कोहका द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में भगवताचार्य गोपिकेश्वरी के श्रीमुख से हो रही पावन कथा में एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू सम्मिलित हुए। उन्होंने दर्शक दीर्घा में बैठकर कथा का रसपान किया। इस अवसर पर उन्होंने कथा व्यास को सादर प्रणाम करते हुए सभी नगरवासियों को इस दिव्य एवं भव्य धार्मिक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मलकीत सिंह, जोगा राव, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, वाजिद अंसारी, हरेंद्र यादव, सोम सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्रामीण विकास के लिए 47.79 लाख स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 47.79 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड पाटन के ग्राम सांतरा में मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय शेड निर्माण के लिए 4.79 लाख रूपए, ग्राम डिडगा के वार्ड न. 10 में तथा जामगांव एम सतनाम भवन से मुख्य मार्ग की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60-2.60 लाख रूपए तथा ग्राम सोनपुर में चिंता साहू के घर से सनत कुम्भकार के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 7.80 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# तालाब ने बना दिया आत्मनिर्भर, ढेस का उत्पादन कर हर महीने कमा रहा 15 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

महात्मा गांधी नरेगा योजना ने एक बार फिर ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाया है। ग्राम पंचायत महमरा में मनरेगा के तहत निर्मित निजी तालाब ने किसान मूलचंद निषाद और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया है।

लगभग 6 किमी दूर स्थित इस गांव में रहने वाला 4 सदस्यीय परिवार पहले केवल द्विफसलीय खेती पर निर्भर था, जिससे आय सीमित थी और जीवनयापन चुनौतीपूर्ण बना रहता था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। मनरेगा से बने इस तालाब ने मूलचंद निषाद के जीवन में नई रोशनी लेकर आयी। तालाब को उन्होंने दो हिस्सों में विकसित किया। पहले हिस्से में मछली पालन और दूसरे हिस्से में ढेस कांदा उत्पादन। इतना ही नहीं तालाब की मेड़ पर उन्होंने मौसमी सब्जियों की खेती भी शुरू की, जिससे नियमित आय का स्रोत बन गया है।

## ग्रामीण किसान की बदल गई किस्मत, आय में बढ़ोत्तरी, दूसरों को भी दे रहा रोजगार

### वार्षिक आय में बढ़ोत्तरी, अब दूसरे के यहां काम करने की जरुरत नहीं

सब्जी उत्पादन से उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 हजार से 15 हजार की आय हो रही है। मछली पालन ने उनकी वार्षिक आय में और अधिक इजाफा करते हुए हर वर्ष लगभग ढेड लाख तक की आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, परिवार द्वारा किए जा रहे मुर्गी पालन से भी अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। एक किसान के लिए यह आय उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है।



### बारिश के जल को संरक्षित कर मौसमी सब्जियां भी उगा रहा

मूलचंद निषाद ने बारिश का पानी सीधे तालाब में संग्रहित कर खेतों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया। अब वह टमाटर, मिर्च, धनिया और अन्य सब्जियों की अतिरिक्त फसल लेकर बाजार में बेच पा रहे हैं। इस निर्माण कार्य से मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को भी अच्छा रोजगार मिला। आज यह डबरी न सिर्फ जल संरक्षण का साधन है, बल्कि ग्रामीण परिवार की आजीविका का माध्यम भी है।

प्रवचन : श्रोता झूमे, कृष्ण लीला के रसपान किया

# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से दूर होते हैं समस्त कष्ट : संत श्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी स्व.कमला देवी साहू जी की पुण्य स्मृति में आयोजित ग्राम पाऊवारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा श्रोता गणों ने कथा का रसपान किया। कथा वाचक संत निरंजन महाराज जी ने बताया की ईश्वर का ध्यान करते हुए जीवन की कर्तव्य कर्म को करना ही पूजा है। यशोदा माता के दधि मंथन का भाव देते हुए भगवान का ध्यान करना' साधक की स्थिति को दर्शाता है। अपने व्यहारिक कर्तब्य कर्म को करते हुए भगवान का ध्यान करते रहना ही साधक की अवस्था है। यशोदा का दधिमंथन मन वचन कर्म से पूजा बन गयी।

यशोदा साधक है दधि मंथन साधन है और बाल कृष्ण साध्य है। जीव को मिले हुए साधन के माध्यम से परमात्मा तक पहुंचना होता है। श्री कृष्ण गोकुल से वृन्दावन जा बसे और बाल सखाओ के साथ गोचारण लीला किये पशुधन की रक्षा करते हुए खेल -खेल में असुरों को संहार किये। गोवर्धन लीला के माध्यम से पर्यावरण रक्षा का शंखनाद किये। मथुरा से गोकुल और गोकुल से वृन्दावन निवास कर गोप गोपियों के साथ प्रेम लीला किये। यमुना जब प्रदूषण दूर करने कालिया से संघर्ष कर यमुना को निर्मल किया। अपनी लीलाओं के माध्यम से भगवान, निरंतर जीवन को गतिशील रखने रखते हुए समग्र जीवन को महोत्सव बनाया। वृन्दावन में गोपियों के साथ रासलीला कर पूर्ण प्रेम का स्वरूप दिखाया। कंस के अत्याचार से मुक्त किये इन सभी लीलाओ को भगवान हंसते गाते हुए सम्पूर्ण विश्व को





आनन्द का संदेश दिया। जीव का अपने स्वरूप में स्थित होना ही रास है जीवात्मा का परमात्मा इसे मिलना ही रस रूप ईश्वर से मिलना है प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर प्राप्ति का अधिकार है,यदि जीवन को आनन्दमय बनाना है तो भगवान कृष्ण के उन दिव्य लीलाओ का चिन्तन करें। भागवत में भगवान कृष्ण का स्वरूप इतना सहज और सरल बताया गया है कि उनके संग-संग रहने वाले गोपी ग्वाल भी यह नही समझ पाये कि कृष्ण लीलावतार भगवान है। यही हम सभी मनुष्य की दशा है साथ- साथ रहने वाले ईश्वर को भूलकर कर अपने द्वारा रचित संसार में सुख ढूंढते है। भगवान मनुष्य को प्रत्येक परिस्थियों में प्रसन्न रहकर जीने का संदेश देते हैं।

### रुख्मिणी श्रीकृष्ण मंगल में श्रोता झूम उठे

रुख्मिणी मंगल के प्रसंग पर महाराज जी सार भाव देते हुए बतायें कि यह शरीर ही रूक आत्मा मठिन है इसी शरीर मे आतम न्चिन्तन करते हुए आत्मा कृष्ण का अनुभव कर सकता है। भगवान के गुण, रूप लीला' को सत्संग के माध्यम से सुनकर रुखमनी अपना जीवन बचपन से ही श्रीकृष्ण जी को समर्पित कर दी। जरासन्ध आदि असुरो की पराजित कर स्वयं भगवान रुख्मिणी का हरण किये और समुद्र मे द्वारिका बसाकर संसार में गृहस्थ जीवन को सुखी से बनाने का उपाय बताये।इस अवसर पर पूर्व सांसद चंदूलाल चन्द्रकार, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू,पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी समिति दुर्ग राजेन्द्र साहू,दुर्ग लोकसभा सांसद की पत्नी रजनी बघेल, जिला पंचायत सदस्य नीशू चन्द्रकार,खेद राम साहू,जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़, पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार,तहसील पाटन साहू संघ ललेश्वर साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू,दिव्या कलिहारी, जिला अध्यक्ष दुर्ग शहर धीरज बाकलीवाल, नीलू ठाकुर, पूर्व सरपंच राज श्री चन्द्रकार, मंजु यदु, रेखा चतुर्वेदी, ललेश्वरी साहू, जगदीश दीपक साहू,दिलीप साहू, रोशन साहू, गोवर्धन बारले, विकास चन्द्रकार, चुन्नीलाल चन्द्रकार सहित सैकड़ो की संख्या में भागवत कथा में शामिल हुये।

# सड़क पर अवैध निर्माण हटाने लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान के लिए आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 130 आवेदन प्राप्त हुए। आज सबसे अधिक अतिक्रमण के आवेदन आये।

- जनदर्शन में मिले 130 आवेदन

चरोदा निवासियों ने चरोदा के विश्व बैंक आवासीय योजना, सेक्टर 4 में शासकीय सड़क पर अवैध निर्माण करने की शिकायत की। स्थानीय निवासियों ने बताया लगभग 20 फीट चौड़ी सार्वजनिक सड़क पर करीब 6 फीट हिस्सा कब्जा कर अन्य व्यक्ति द्वारा घर का निर्माण किया जा रहा है। सड़क पर कब्जा कर डीपीसी लेवल तक निर्माण पूरा कर लिया गया है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम चरोदा को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा।

### सड़क पर जलभराव की शिकायत

सुंदर नगर बोरसी निवासी ने सड़क पर जलभराव की शिकायत की। उन्होंने बताया कि दुर्ग के सुंदर नगर, बोरसी में नाली कनेक्शन न होने से सड़क पर लगातार जलभराव और बदबू की स्थिति बन गई है। घर के सामने बिल्डर ने दो मंजिला भवन बनाकर नाली को मुख्य नाली से नहीं जोड़ा, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और मच्छरों व कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### गंदगी और बदबू से परेशान हैं लोग

इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 27 वार्डवासियों ने अतिक्रमण की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 27 मैत्री नगर के निवासी, वर्षों से पार्क की आरक्षित जमीन पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान हैं। फेस 1 में पार्क के लिए निर्धारित भूमि पर सब्जी दुकान, खटाल और अन्य अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है तथा स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फेस 1 की पार्क भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कर वहां पार्क विकसित करने आवेदन दिया।

# फर्जी नियुक्ति पत्र रोकने कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में दर्ज कराई जाएगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम, दुर्ग के संज्ञान में यह मामला आया है कि यशवंत यादव, सहायक ग्रेड-03 के नाम से एक कथित नियुक्ति पत्र विभिन्न माध्यमों में प्रसारित किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा की गई प्रारंभिक जाँच में यह पाया गया है कि नियुक्ति पत्र पूर्णतः फर्जी, भ्रामक और अवैध है। निगम ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस प्रकार का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, न ही उक्त व्यक्ति की किसी प्रकार की पदस्थापना नपानि दुर्ग में की गई है। प्रस्तुत पत्र में शासन के आदेश क्रमांक, तिथि एवं शर्तों का जिस प्रकार उल्लेख किया गया है, वह शासन के अधिकृत प्रारूप से मेल नहीं खाता तथा दस्तावेज़ की सत्यता संशयास्पद पाई गई है।

निगम प्रशासन ने बताया कि फर्जी पत्र में एक वर्ष में कंप्यूटर प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने, दो वर्ष की परीक्षावधि, स्वास्थ्य प्रमाणपत्र एवं थाना क्षेत्र से एनओसी प्रस्तुत करने, जैसी शर्तों का उल्लेख किया गया है, परंतु ये सभी



विवरण न तो विधिवत जारी किसी आदेश से संबंधित हैं और न ही निगम के अभिलेखों में उपलब्ध हैं। निगम प्रबंधन ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दस्तावेज़ की सत्यता जाँच हेतु संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेज दी है। आवश्यकता पड़ने पर इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। निगम ने किसी भी नियुक्ति, पदस्थापना अथवा स्थानांतरण आदेश की सत्यता की पुष्टि के लिए केवल निगम की आधिकारिक वेबसाइट, कार्यालय या संबंधित विभाग से ही जानकारी प्राप्त करें। किसी भी भ्रामक दस्तावेज़ पर विश्वास न करें। दुर्ग निगम ने यह भी कहा है कि निगम द्वारा जारी प्रत्येक आदेश पर आधिकारिक लेटरहेड, प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर, विभागीय मुहर, जारीकर्ता शाखा का नाम तथा डायरी, डिस्पैच नंबर का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से होता है। फर्जी पत्र में यह आवश्यक औपचारिकताएँ अनुपस्थित पाई गई हैं।

# कुरुद नहर की जमीन और नकटा तालाब से अतिक्रमण हटाकर सौंदर्यीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने सोमवार को दुर्ग कलेक्टर को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। दोनों ज्ञापनों में भिलाई के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों कुरुद नहर की सरकारी जमीन और नकटा तालाब को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कर विकसित करने की मांग की गई है।



पहले ज्ञापन में उन्होंने एसीसी चौक से कुरुद तक नहर की जमीन पर फैलते जा रहे अतिक्रमण पर चिंता जताई। उनका कहना है कि भिलाई को बेहतर स्मार्ट सिटी की दिशा में ले जाने के लिए नहर के दोनों किनारों पर 15 से 20 फीट चौड़ी भूमि को खाली कराना जरूरी है। उन्होंने मांग रखी कि यहां आधुनिक कैनाल पाथवे बनाया जाए, जहां इंटरलाकिंग पेवर लगे हों और नागरिकों के लिए ओपन जिम और जॉगिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं तैयार की जाएं। इससे शहरवासियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक स्थान मिल सकता है।

दूसरे ज्ञापन में उन्होंने पटवारी हल्का कुरुद के नकटा तालाब में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने मांग की कि तालाब का जीपीएस आधारित सीमांकन कराकर सभी अतिक्रमण हटाए जाएं और सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल या वायर फेंसिंग लगाई जाए।ज्ञापन सौंपने के दौरान इस दौरान मेहरबान सिंह, रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र चौधरी, बलविंदर और अविनाश गायकवाड़ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्लाटर हाउस के विरोध में कैंडल मार्च...



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 7 राधिका नगर के निवासियों द्वारा स्लॉटर हाउस बूचड़खाना को अन्यत्र हटाने कैंडल मार्च निकली गई।

### कॉर्पोरेट क्रिकेट स्पर्धा 22 से

**भिलाई।** दिवंगत पूर्व विधायक विद्या रतन भसीन की स्मृति में दुर्गा मैदान, शांति नगर में कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 22 दिसंबर से किया गया है। आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि हर खिलाड़ी के लिए आईडी कार्ड अनिवार्य रहेगा। हर मुकाबले में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर के लिए अलग ट्रॉफी रखी गई है। विजेता टीम को 31 हजार रुपये और रनर-अप टीम को 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट कमेटी की ओर से बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी।

विधायक चंद्राकर ने निर्माणाधीन रिचार्ज पिट का किया निरीक्षण

# घरों में सोखता निर्माण के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

गांवों में पानी बचाने के लिए रिचार्ज पिट सोखता का निर्माण किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम कातरो में जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य से संचालित एक-एक बूंद पानी बचाने के लिए रिचार्ज पिट निरीक्षण कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। विधायक चन्द्राकर ने स्कूल परिसर तथा हितग्राहियों के घरों में बनाए गए रिचार्ज पिट सोख्ता का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, प्रभाव और उपयोगिता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- जल संरक्षण के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी

विधायक ललित चंद्राकर ने लोगों से अपने-



अपने घरों में सोखता निर्माण करने की अपील की जिससे वर्षा जलों को संरक्षण कर सके और आने वाले दिनों में जल संकट से बच सके। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए जल संचय की दिशा में अभिनव पहल जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे पौध रोपण, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे, सरपंच जितेन्द्र सोनी, उपसरपंच पुष्पलता साहू, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री चंदु देवांगन एवं प्रवीण यदु, मंडल उपाध्यक्ष विमला कामड़े, उतई सोसायटी अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### खेत का पानी रोकना सबसे बड़ी आवश्यकता: विधायक ललित

चंद्राकर ने कहा घर और खेत का पानी रोकना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल ही जीवन है, इसके उपयोगिता को समझते हुए ठोस कदम उठाने होंगे कम बजट में भी प्रभावी जल संरक्षण संभव है। पहले प्राकृतिक रूप से जल संरक्षण हो जाता था लेकिन बढ़ते सर्मेंटीकरण के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में जागरूक और सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। अनिवार्य रूप से हम सभी को अपने अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाना होगा।

# नशे के विरुद्ध पोस्टर और स्लोगन लेकर लगाए नारे, निकाली जागरुकता रैली

**भिलाई।** ओजस समाज सेवा समिति द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के बच्चों के साथ रैली निकालकर की गई। जिसमें संदेश दिया गया कि नशा समाज के लिए वो जहर है जो व्यक्ति और समाज को धीरे-धीरे बर्बाद कर देता हैं।




समिति द्वारा यह कार्यक्रम नशे के कारण होने वाले दुष्परिणाम के रुप में आर्थिक, शारीरिक, मानसिक नुक़सान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। नशा मुक्त अभियान का यह कार्यक्रम शासकीय पी एम श्री प्राथमिक शाला रूऑबाधा स्कूल के बच्चों ने हाथों में नशा के विरुद्ध लिखे पोस्टर और स्लोगन को लेकर रैली निकाली और नारे लगोता हुए आसपास के लोगो को जागरुक किया। इस दौरान बच्चों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। बच्चों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम कभी भी किसी भी तरह के नशे का सेवन नहीं करेंगे। इस दौरान समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह ने कहा कि नशा केवल शराब ही नहीं बल्कि, बीड़ी, गुटका, तंबाकू, गांजा, सिगरेट जैसी हानिकारक चीज़ों पर भी प्रतिबंध होना चाहिये। आजकल बच्चे इन सब के आदि हो रहे है छोटे छोटे बच्चों को सिगरेट व तंबाकू का सेवन करते देखा जाता हैं। इस अभियान में स्कूल की प्रधान पाठिका ज्यानेश्वरी मिश्रा, संध्या पाठक, नागेन्द्र मरावी, प्रीती वामन, सुधा और ओजस समिति की संरक्षक दुर्गा अधिकारी ने सभी बच्चों को शपथ दिलाई।

## खबर संक्षेप



### कोड़िया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़िया में आओ गांव चले अभियान के तहत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन,दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमे डॉ अजय गोवेर्धन (जनरल फिजिसियन ),डॉ संगीता सिन्हा (स्त्रीरोग एवं बाँझपन विशेषज्ञ ),डॉ बसंत वर्मा ( आंख रोग विशेषज्ञ), डॉ जी एच राजपाल डॉ रवि शुक्ला (पेट रोग विशेषज्ञ), डॉ अजय गुप्ता (त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ आर के मल्होत्रा (शिशु रोग विशेषज्ञ )सेवा दिए। आज के कार्यक्रम में गांव के ग्रामीण जनों ने स्वास्थ्य शिविर का बढ़ चढ़ कर लाभ लिया और सरपंच खुमान निषाद और जगत निषाद जी को आज के स्वास्थ्य शिविर आयोजन करवाने आशीर्वाद दिए । सरपंच खुमान निषाद ने बताया कि ग्राम पंचायत कोडिया में यह 4 चौथा शिविर आयोजित हुआ और इसमें में गांव के महिला पुरुष बच्चे वा वृद्ध जन भी स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिए और सरपंच ने कहा ऐसा शिविर हम जनकल्याण के लिए समय समय पर लगाते रहेंगे।

### अनियमितता का आरोप, पूर्व जनपद सदस्य ने संभागायुक्त से जांच की मांग की

**कुसुमकसा।** अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत स्कूल के अहाता निर्माण में बरती गई। अनियमिताओं की जांच अन्य विभाग के अधिकारी से अहाता निर्माण कालम, पुटिंग की गहराई की जांच व जनपद पंचायत डोंडी के अधिकारी के द्वारा समय सीमा के प्रकरण में गलत जानकारी देने व उक्त निर्माण कार्य के मद से नगद राशि आहरण कर मटेरियल सामग्री खरीदी का नगद भुगतान करने की जांच कराने आयुक्त दुर्ग संभाग को पत्र लिखकर जांच कराकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## निधन

### केशव राम कुलदीप



**डौंडीलोहारा।** संजय नगर डौंडीलोहारा निवासी सेवानिवृत्त व्याख्याता केशव राम कुलदीप 65 वर्ष का मंगलवार दिनांक 9 दिसंबर को निधन हो गया। वे कुछ दिन से अस्वस्थ चल रहे थे, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वे शिक्षक आशीष कुलदीप के पिता थे।

### कुमारी बाई ठाकुर

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी निवासी कुमारी बाई



ठाकुर उम्र 72 वर्ष का अकास्मिक निधन 9 दिसंबर को हो गया, वे अपने भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये, वे नरेंद्र कुमार ठाकुर के माता व ऋषभ, त्रयोम के दादी थे, उसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चिंगरी के मुक्ति धाम में किया गया।

### श्याम कुंवर देशमुखश



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी निवासी श्याम कुंवर देशमुख उम्र 82 वर्ष का अकास्मिक निधन 9 दिसंबर को हो गया, वे अपने भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये, वे किशन लाल देशमुख के माता व तामेश्वर, साकेत देशमुख के दादी थे,उसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चिंगरी के मुक्ति धाम में किया गया।

### तुलसी राम उईके

**बालोद।** ग्राम टेकापार निवासी तुलसी राम उईके 96 वर्ष का निधन



हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 10 दिसंबर को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे रामशिला उईके, डोमेंद्र, जितेंद्र कुमार उईके एवं आबकारी ऑफिसर हितेंद्र कुमार उईके के दादा थे।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार के महायज्ञ में हजारों साधकों ने दी आहुति

# 108 कुंडीय महायज्ञ का दूसरा दिवस, ध्यान साधना और देवपूजन के साथ हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के द्वितीय दिवस प्रातः ध्यान योग साधना, देवपूजन के साथ गायत्री महायज्ञ शुभारंभ हुआ। आज 10 दिसंबर को चिन्मय पंड्या बालोद पधारेंगे। शांतिकुंज हरिद्वार के टोली के प्रज्ञापुत्र ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का पिता है। वास्तव में वैदिक धर्म यज्ञ प्रधान रहा है। यज्ञ को इसका प्राण कहें, तो गलत नहीं होगा। यज्ञ हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। हजारों साधकों ने विश्व कल्याण के लिए वेदमंत्र गायत्री, महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुति दी गई।

यज्ञाचार्य ने संस्कार का महत्व बताते हुए कहा कि मां ही अपने अच्छे आचरण से एक स्वस्थ, सुंदर चरित्रवान नागरिक को जन्म देकर राष्ट्र के नवनिर्माण में अद्भुत भागीदारी कर सकती है, गायत्री परिवार की प्रांतीय संयोजक डा. कुंती साहू ने कहा कि स्वस्थ, प्रतिभाशाली, प्रखर, तेजस्वी, बुद्धिमान, सभ्य, संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण एक सुशिक्षित संस्कारी माता ही कर सकती है। इसके लिए हमें प्रतिदिन उपासना के रूप में गायत्री मंत्र का जप उगते सूर्य सविता का ध्यान करने से बुद्धि को सन्मार्ग मिलती है, मन को कुविचारों एवं दुर्भावनाओं से बचाए रखने के लिए नित्य स्वाध्याय एवं सत्संग की






व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए। शायंकालिन सत्र में संगीतमय प्रज्ञापुराण कथा का प्रवचन करते हुए शांतिकुंज प्रतिनिधि आचार्य व्योमेश ने कहा कि गुरु और गायत्री के बिना मानव जीवन अधूरा है, गुरु अपने तप, प्राण एवं पुण्य से शिष्ट साधक के जीवन को उज्जवल बना देते है एवं गायत्री मंत्र से सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है।

यज्ञ आयोजन समिति के प्रतिनिधि राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि यज्ञ परिसर में सत साहित्य स्टाल, नशामुक्ति, स्वावलंबन, नारी जागरण, स्वास्थ्य संवर्धन आदि प्रदर्शनी लगाई गई है जो व्यक्ति निर्माण से युग निर्माण का संदेश दे रही है। द्वितीय दिवस यज्ञ में मुख्य यजमान हेमंत वेल भाई पटेल, नेहा हेमंत, श्याम भाई पटेल, करम सिंह पटेल, गयाकर्म पटेल देव स्थापना पूजन में गुरुदेव व वंदनीय माता और गायत्री माता की पूजा में सम्मिलित हुए। 33 कोटि देवता की पूजा में जसोदा बेन अम्बा भाई पटेल, त्रिवेणी सुरेश, प्रज्ञा चंद्रकांत राणा सम्मिलित हुए। सप्तऋषियों की पूजा, बहादुरी चंद्रेश हिरवानी, दिया वेदप्रकाश राखेचा, पुष्पलता गंगबेर, डिंपल गौरव पटेल, भुनेश्वरी टिकेश्वर, हेमलता नीलकंठ साहू, दिव्य दीपेश पटेल ने किया। नववेदी पूजन कविता नरेंद्र पटेल, भुनेश्वरी टिकेश्वर पटेल, हेमलता नीलकंठ, दिव्या दीपेश ने किया। हरिद्वार से प्रज्ञा पुत्रे की टोली नायक जितेंद्र मिश्रा, देशमुख, योगी राज यादव, तबला वादक महेश साहू ने संगीतमय वेदमन्त्र से पूजा कराया। महिला बल विकास और गायत्री शक्तिपीठ बालोद के प्रयास से 1400 गर्भवती महिलाओं का मंत्रेच्चार से पुंसवन संस्कार कराया गया।

पुंसवन संस्कार क्यों करना चाहिए इस संबंध में आचार्य द्वारा अनेक कथाएं, अभिमन्यु, मदालसा कौशल्या आदि की कहानी बताते हुए कहा इस गर्भ अवस्था में अच्छे संगीत, पूजा, मंत्र उच्चारण, अच्छे विचार ,स्वाध्याय से बच्चो पर सद्प्रभाव पड़ता है। जिला प्रभारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मिलन सिन्हा ने बताया कि बालोद जिले के 4 बच्चों हिमांशु साहू दिल्ली राजहरा, निष्ठा साहू, गरिमा सोनी अर्जुन्दा, राजेश कुमार सांकरा रा को ने प्रांतस्तर पर मेरिट स्थान प्राप्त किया है जिसे पुरस्कार दिया गया। तृतीय दिवस प्रातः गायत्री महायज्ञ के साथ गुरु दीक्षा व अन्य सभी संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे, दीपयज्ञ होगी जिसमें 11000 दीपक प्रज्वलित कर नवयुग सतयुग के आगमन की आरती करेंगे व श्रेष्ठ मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे।

## साल्हे में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया



**बालोद।** जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम साल्हे में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में जिला पंचायत बालोद उपाध्यक्ष तोमन साहू मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल एवं रस्साकस्सी कुल 04 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रतिभागी खिलाड़ी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## नगर पंचायत में कुत्तों का टीकाकरण किया गया



**गुरूर।** नगर पंचायत के नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू के मार्गदर्शन में कुत्तो का टीकाकरण किया गया। नगर पंचायत गुरूर के सहयोग से नगर पंचायत क्षेत्र के आवारा कुत्तों को पकड़ कर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू लगातार टीकाकरण कार्य का निरीक्षण करते रहे। इस कार्य में पशु चिकित्सा विभाग के एवीएन डॉक्टर पांडे एवीएन डॉक्टर बी.के विश्वकर्मा व अन्य पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारीयो की सहायता से टीकाकरण किया गया।

## आदिवासी विकास विभाग ने पारंपरिक आभूषणों की प्रदर्शनी लगाई



**गुरूर।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा विलुप्त हो रही आदिवासी संस्कृति सामग्रीयो की प्रदर्शनी वीर मेला में लगाई गई है। जिसमे आंगादेव, ऐंठी, करधन, रूपया माला, सूता, पायरी, पहुंची, गोरसी, मौर, मुकुट, कांठा, पैली, ठेकी, मूसल, झांपी, मड़िया, बरझी, छुरी आदि की प्रदर्शनी लगाई गई है।

## वन नेशन वन इलेक्शन के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया



**बालोद।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डेरदेही में वन नेशन वन एलेक्शन के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमे छात्रों ने बढ़ चढ़कर अपना समर्थन दिया। इस दौरान उपस्थित छात्र छात्रओ को एक देश एक चुनाव से देश के लोगो के साथ देश को होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिसमे विद्यार्थी से अपील की गई की वे स्वयं इसके संबंध मे अपने आस पास जारूकता फैलाएं तथा अपने गांव व घरो में जाकर बड़े बुजुर्गो के साथ इसके संबंध मे चर्चा करे तथा इसके संबंध मे स्वयं के साथ दूसरो को जागरूक करे। इस दौरान कार्यक्रम बालोद जिला के जिला संयोजक गुलशन साहू, जिला सह संयोजक अभिन्न यादव, नितेश सोनकर, तेशांत देशमुख उपस्थित थे।

## वीर मेला में महिला स्व सहायता समूहों ने लगाई हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टाल



**गुरूर।** वीर मेला मे जनपद पंचायत गुरूर के बिहान अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक स्व सहायता समूहो द्वारा विभिन्न उत्पादो का स्टाल लगाया गया है। महिला समूहो द्वारा उत्पादित साबुन, बड़ी, आचार, अगरबत्ती, मुरकू, पापड़ आदि हस्त निर्मित सामग्री की बिक्री की जा रही है। स्टाल में कल्याणी स्व सहायता समूह डढ़ारी, दुर्गा स्व सहायता समूह तार्री, धनलक्ष्मी स्व सहायता समूह छेड़िया, प्रेरणा स्व सहायता समूह करियाटोला, सौभाग्य स्व सहायता समूह मरकाटोला, जय दुर्गा स्व सहायता समूह बोरिदकला, प्रगति स्व सहायता समूह मुजालगोंदी व अन्य समूहो द्वारा स्व निर्मित सामग्री का विक्रय किया जा रहा है। इस दौरान जनपद के बीआरपी की सक्रिय सहभागीता रही।

## सरस्वती शिशु मंदिर में 60 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सोमवार 8 दिसंबर को स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के कुल 60 भैया-बहनों को स्वर्णप्राशन कराया गया। कक्षाशः भैया-बहनों की संख्या अरुण 21,उदय 15,प्रथम 15,द्वितीय 7,तृतीय 2 सहित कुल 60 भैया बहनों की सहभागिता रही।

स्वर्णप्राशन के लाभ पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इससे बच्चों के शारीरिक, प्राणिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में सकारात्मक लाभ प्राप्त होता है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और एकाग्रता बढ़ती है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान, विद्यालय के प्राचार्य डोमार



साहू, प्रतिभा सुकतेल, मंजू श्रीवास, संगीता सोनी, चांदनी पटेल, रूपेश्वरी, नागेन्द्र, दुर्गेश्वरी सहित सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बच्चों को प्रेमपूर्वक स्वर्णप्राशन करवाया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## कलेक्टर मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को अपने–अपने विभाग के अंतर्गत लंबे समय तक लेनदेन के अभाव में निक्रिरय हो चुके खातों को पुनः सक्रिय करने तथा योजना के बंद होने की स्थिति में संबंधित योजना के खातों को बंद कराने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों को ऐसे सभी खातों में जमा राशि को निकालकर शासन के खाते में जमा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पिछले बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन के अलावा बैंकिंग पैरामीटर सितंबर 2025 की समीक्षा, साख योजना 2025–26 की उपलब्धि पर चर्चा, सभी शासकीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की प्रगति के साथ–साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्टैण्डअप इंडिया, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के साथ–साथ अंत्यावसायी, अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत प्राप्त एवं स्वी—त प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

# बोरी बंधान से भूजल स्तर बढ़ाने की पहल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ जल संचयन अभियान को मिली गति

जल संचयन जन भागीदारी 2.0 के तहत जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम पंचायत कपरमेटा और चंदनबिरही में जनभागीदारी से बोरी बंधान कर जल संरक्षण जल संचय 2.0 अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में मनरेगा के साथ सामुदायिक सहयोग से जल संरक्षण कार्यों का विस्तार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कपरमेटा और चंदनबिरही में ग्रामीणों ने जनभागीदारी से बोरी बंधान तैयार किए, जिससे बरसाती पानी को रोकने, नालों में प्रवाह नियंत्रण और भूजल स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। स्थानीय युवाओं,



महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों ने श्रमदान कर इन संरचनाओं को आकार दिया, जिससे अभियान को जमीनी समर्थन मिला है। इसके साथ ही तालाब गहरीकरण, नाला सफाई, चेकडैम निर्माण, निजी डबरी, परकोलेशन टैंक और प्रधानमंत्री आवास में रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग जैसे प्रमुख कार्य भी इन दोनों पंचायतों में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की पहल और सामुदायिक सहयोग से जल संकट झेल रहे क्षेत्रें में नई उम्मीद जगी है।

अभियान के तहत जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत 77 ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक स्थलो पर संरचनाएं विकसित करने का कार्य किया जा रहा हैं, जिससे भूजल स्तर सुधारने और ग्रामीणों को स्थायी जल उपलब्धता का लक्ष्य है। प्रशासन ने पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को जल संरक्षण की निगरानी एवं श्रमदान से जोड़कर अभियान को सामुदायिक आंदोलन का रूप दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि कलेक्टर, जनपद सीईओ मनरेगा अधिकारी की पहल से जल संकट झेल रहे क्षेत्रें को नई उम्मीद मिली है। अभियान से रोजगार, जल उपलब्धता और जागरूकता—तीनों मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

## चिरचार के अग्निवीर लुकेंद्र का सेन समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के अंतिम छोर मे स्थित गांव चिरचार के 20 वर्षीय युवक लुकेंद्र कुमार भारद्वाज के अग्निवीर थल सेना में भर्ती पश्चात सात माह का में प्रशिक्षण पश्चात एक माह की छुट्टी पर आने पर सेन समाज जिला बालोद के जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमेंद्र कौशिक, झलमला निवासी कोतवाली थाना सुकमा थाना प्रभारी शशिकांत भारद्वाज, एसटीएफ कम्पनी कमांडर ओमप्रकाश सेन एवं ब्लाक सेन समाज अध्यक्ष अरजुदा अशोक सेन, ग्राम चिरचार उनके निवास पहुंचकर वीर जवान का अभिनंदन कर प्रोत्साहित किया।

अग्निवीर लुकेंद्र कुमार भारद्वाज के घर में विधवा माता, एक भाई, एक बहन है। लुकेंद्र कुमार के



परिजनो ने कहा कि उनका बेटा जब चार साल की देश सेवा देकर घर लौटेगा तो वो अपने पैरो मे खड़ा दिखेगा, गरीब परिवार का बेटा का जज्बा को पुरा चिरचार गांव एवं पुरा सेन समाज सलाम करता है, जिला के ग्राम कादुल के सेन समाज की बेटी प्रियंका सेन जो कालेज की पढ़ाई पुर्ण कर डीएसपी बनने की चाह में सीजीपीएससी की तैयारी कर रही है उसे थाना प्रभारी शशिकांत भारद्वाज एवं एसटीएफ अधिकारी ओमप्रकाश सेन ने उन्हे सीजी पीएससी परीक्षा पास करने महत्वपूर्ण टीप्स देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सेन समाज जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा समाज के माता पिता अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कराये ताकि सेन समाज के बच्चे भी शासन के बड़े पदो पर रहे, जब तक समाज शिक्षित नही होगा तब तक समाज आगे नही बढ़ पायेगा।

## उल्लास परीक्षा 370 केंद्रों में 3171 शिक्षार्थी हुए शामिल


**डौंडीलोहारा।** जिले में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जिला बालोद के संयोजन तथा जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी के मार्गदर्शन में उल्लास महापरीक्षा का आयोजन पूरे बालोद जिले में 7 दिसंबर रविवार को बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जिसमें डीएमसी समग्र शिक्षा आवन कुमार जांगड़े तथा राजेंद्र कुमार देवांगन जिला नोडल साक्षरता जिला साक्षरता प्राधिकरण बालोद के संचालन में उल्लास महापरीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र में केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक की ड्यूटी में पूरी जवाबदारी के साथ परीक्षा संपन्न हुआ। बालोद जिले के अंतर्गत ब्लॉक बालोद, गुंडरदेही, गुरुर, डौंडी,डौंडीलोहारा से कुल 370 परीक्षा केंद्रों में उल्लास नवभारत



साक्षरता परीक्षा महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के शिक्षार्थी शामिल हुए बालोद जिले के अंतर्गत कुल 3171 शिक्षार्थी जिसमें 2806 महिला शिक्षार्थी तथा 365 पुरुष सम्मिलित हुए। उल्लास साक्षरता महा परीक्षा अभियान के तहत डौंडी विकासखंड ग्राम पथरा टोला से ईश्वर एवं सुषमा,गुंडरदेही विकासखंड के अंतर्गत ग्राम हरनासिंगी से भुवन लाल निषाद, फुलवा बाई निषाद ग्राम कोसा से बृजलाल बंजारे, मनभौतिन बंजारे पति-पत्नी दोनों साथ में इस परीक्षा महा अभियान में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तर, ब्लाक स्तर, संकुल स्तर के समस्त अधिकारी,

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### स्वयंसेवक डुमेन्द्र ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**बालोद/अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक डुमेन्द्र साहू ने पहली बार स्वैच्छिक रक्तदान जिला चिकित्सालय बालोद में सहायता ब्लड बैंक में किया। उसने कहा कि रक्तदान करके मुझे बहुत ही खुशी महसूस हुई। मेरे एक रक्तदान से तीनों लोगों को नया जीवन मिलेगा। साथ अन्य युवाओं और लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित व जागरूक किया। उसने कहा आपके एक छोटे से प्रयास से किसी अनजान व्यक्ति को नई जिंदगी मिल सकती है। उनके इस नेक और पुण्य कार्य के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन व समस्त स्वयंसेवक ने हर्ष व्यक्त किया।

### पेंशनधारी संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की बैठक 12 दिसंबर को दोपहर 12 पेंशनर भवन शिकारी पारा बालोद में आयोजित की गई है। जिसमें 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों के सम्मान समारोह आयोजित करने, जीवन प्रमाण पत्र एवं 17 दिसंबर को प्रांतीय पेंशनर दिवस बलौदा बाजार भाटापारा में आयोजित की जा रही है जिससे संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी।

### नगर पालिका में 14 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**बालोद।** नगर पालिका परिषद बालोद स्थित सीमार्ट परिसर में रविवार 14 दिसंबर को 10 बजे से 02 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य जांच के अलावा ईसीजी एवं इको टेस्ट भी करा सकते हैं।

### शाला सहगांव में न्योता भोज कराया गया



**डौण्डीलोहारा।** शा. प्रा. व माध्यमिक शाला सहगांव में विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष प्रेम लाल निषाद ने अपने सुपुत्री जीविका निषाद के जन्म दिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। न्योता भोज में लड्डू, गुलाब जामुन और मुगौड़ी परोसा गया। इसके पूर्व उच्च वर्ग शिक्षक नीलिमा राम ने भी न्योता भोज कराया। न्योता भोज में समोसा, गुलगुल भजिया व खीर परोसा गया। स्वादिष्ट भोजन खाकर बच्चे बहुत खुश हुए और हृदय से धन्यवाद दिए। इस अवसर पर के. एल. चुरेन्द्र, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही, भागवत तारम, सुरेखा यामले, दुलौरीन सहारा, लीला यादव उपस्थित थे।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई तीन पुलिस ने पुरैना डेम नर्सरी के पास अवैध रूप बेचने की सूचना पर गनियारी पारधी पारा निवासी दशरथ पारधी को पकड़ा गया।

**मेला :** आदिवासी वेशभूषा, नृत्य और हाट-बाज़ार ने बढ़ाई वीर मेले की रौनक

# वीर मेला में आदिवासी संस्कृति की छटा मातृशक्ति को समर्पित रहा दूसरा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

वीर मेला के दूसरा दिवस मातृ शक्ति के नाम रहा। वीर मेला में आदिवासी संस्कृति, के प्रत्यक्ष दर्शन हो रहे है। वीर मेला में प्रदेश के साथ उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व अन्य प्रदेशो के कलाकारो के साथ पर्यटक पहुंच रहे है। वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस को चीर स्थाई कर तीन दिवसीय वीर मेला का आयोजन विकासखण्ड के राजाराव पठार में किया जाता है। 8 दिसंबर को प्रारंभ वीर मेला मे प्रथम दिवस देव स्थापना, देव पूजन, देव मिलन का धार्मिक अनुष्ठान किया गया। प्रथम दिवस आदिवासी संस्कृति की छटा बिखरी एवं युवा सम्मेलन संपन्न हुआ।

द्वितीय दिवस 9 दिसंबर को मातृ शक्ति सम्मेलन के साथ समाज के प्रतिभावान छात्र छात्रओं का सम्मान किया गया। वीर मेला बालोद सहित कांकेर, धमतरी, जिला के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित किया जाता है। वीर मेला में पूरी तरह आदिवासी संस्कृति



वेशभूशा व परंपरा के दर्शन हो रहे है। यहां लगा हाट बाजार पूरी तरह आदिवासी संस्कृति, परिधानो, अलंकारो एवं साहित्यो से भरा हुआ है। जंगलो से बड़ी संख्या मे कंद मूल की साम्रगी लेकर आदिवासी विक्रेता पहुंचे है। वीर मेला के दौरान आदिवासी परिधानो में आकर्शक रूप से श्रृंगार किए युवक युवतियां आदिवासी संस्कृति से परिचय करा रहे है। मेला स्थल पर मोर, साही, मुर्गा आदि पक्षियो के पंखो व सामग्री से बनी कलगी जो कि आदिवासी वेशभूशा का महत्वपूर्ण अंग है लोगो को आकर्शित कर रहे है। बेल मेटल से बना तुर्रा, हांथी, घोड़ा घुघरू की दुकाने आदिवासी श्रृगार की सामग्री की दुकाने, बांस निर्मित सामग्री की दुकाने व मिट्टी निर्मित सामग्री की दुकाने बाहर से आए आंगतुको को आदिवासी कला से परिचय करा रहे है। वीर मेला आयोजन समिति द्वारा भी मेला मे आदिवासी परंपरा, रीति, रिवाज, संस्कृति, मान्यताओ को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है जिससे पूरा मेला स्थल आदिवासी संस्कृति का साक्षात्कार करा रहा है। मंचीय कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज द्वारा जन्म, नृत्य, विवाह या उत्सव मे होने वाले मांदरी नृत्य, बस्तर संभाग की प्रसिद्व हुलकी नृत्य, देवो, पेन पुरखाओ को आव्हान करते हुए जोहरनी अर्थात रेला पाटा की प्रस्तुती उपस्थित जनो को थिरकने को मजबूर कर रहे है। बस्तर संभाग में फसल कटाई के बाद होने वाले कोलांग नृत्य दर्शको को आदिवासी संस्कृति के साक्षात दर्शन करा रहे है। इसके अतिरिक्त आदिवासीयो द्वारा किए जाने वाले कर्मा नृत्य, बांस नृत्य, भी दर्शको के मन को मोह रहे है। आयोजन समिति युवा प्रभाग के सचिव तिजेन्द्र कुंजाम ने बताया सभी नृत्य विभिन्न नियमो से बंधे होते है।

**वीर मेला की झलकियां ...**







## पोंडी और खैरवाही में हर्षोल्लास के साथ मितानिन दिवस मनाया गया



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोंडी एवं आश्रित ग्राम खैरवाही में मितानिन दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मितानिन दीदियों का सम्मान करते हुए उन्हें साड़ी और श्रीफल भेंट किए गए।

मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मितानिन बहनों के सक्रिय सहयोग से गर्भवती महिलाओं का समय पर टीकाकरण, नवजात शिशुओं का टीकाकरण, वजन नापना सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने मितानिनों की सेवाओं को सराहनीय बताते हुए उन्हें ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बताया।सरपंच दिनेश्वरी चुरामन साहू ने बताया कि मितानिन दीदियों की सतत मेहनत और जागरूकता के चलते ग्राम फाइलेरिया मुक्त एवं टीबी मुक्त घोषित हुआ है। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें दिन हो या रात, हर परिस्थिति में तत्परता से सेवा प्रदान करती हैं, जो पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से मितानिनों का निरंतर सहयोग करने की अपील की।कार्यक्रम में लक्ष्मी साहू, लोकेश्वरी मेश्राम, देवा साहू, प्रियंका मिश्रा, सगुना बाई, अन्नपूर्णा सहित सभी मितानिन बहनें, प्रतिनिधि, ग्रामीण एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## उल्लास साक्षरता में 85 असाक्षर ने दिलाई परीक्षा

### शाला में निरक्षरों ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विनायकपुर शाला में उल्लास महापरीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में उन लोगों ने भाग लिया जो पहले पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन उल्लास कार्यक्रम के तहत उन्हें शिक्षा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के लिए उत्साह के साथ 85 लोग को परीक्षा में भाग में लिए पहुंचे जिनमें महिला 69 व पुरुष 16शामिल हुए। 85लोगों का स्वागत आरती और गुलाल के द्वारा किया गया। क्योंकि उनमें पढ़ाई करने की इच्छा जाग्रत हुई। इस परीक्षा के दौरान, इन लोगों ने अपनी शिक्षा की प्रगति का प्रदर्शन किया और अपने ज्ञान का परीक्षण किया। परीक्षा के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

इस अवसर का उद्देश्य यह परीक्षा उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो पहले पढ़े-लिखे नहीं थे। हमें उम्मीद है कि यह परीक्षा उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। इस कार्यक्रम मे प्राचार्य श्रद्धामयी मिश्रा, केंद्राध्यक्ष प्रेमलता योगी संकुल समन्वयक उषा सिंहा, बी के गंगराले, एस उमरे, आर के देशमुख, एस के साहू, देवश्री साहू,एम साहू,एम तिवारी,यू ठाकुर,पी कोशले,लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम,गुलशन चंद्राकर,

नरेश गायकवाड, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, भावना तिवारी, एवं 10वी,12वी के छात्र छात्राएं भेनु देवांगन, अमरीका, गिरिजा,संध्या, हिमांशु, ईशा,गरिमा, तुलसी, ईशा, विवेक, नम्रता, जीवेश जो वी टी बन के उनको पढ़ा रहे थे वह भी उपस्थित थे, साथ में वी टी बने 10वी 12वी के बच्चों को बोनस नंबर मिलेगा। उल्लास कार्यक्रम के तहत, विनायकपुर शाला ने लोगों को शिक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह परीक्षा इस कार्यक्रम की सफलता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

## नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम डढ़ारी में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू ने किया।

समारोह में विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, बूथ अध्यक्ष बाबूलाल साहू, महामंत्री सनौद ढंगुम हिरवानी, लालखान, टेमन साहू, अजेन्द्र साहू, रवि साहू, सरपंच डढ़ारी ओमप्रकाश साहू, उपसरपंच, सरपंच खुंदनी बिशाल दीवान, सरपंच गंगोरीपार, सरपंच भोथली व पंचगण उपस्थित थे। सुनीता साहू ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार बच्चों के उज्जवल एवं सुरक्षित भविष्य के लिए लगातार कार्य कर रही है। नवीन भवनों के निर्माण के साथ गुणवत्तायुक्त भोजन एवं शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल सामग्री एवं बौद्धिक सामग्री उपलब्ध करा रही हैं।

## जिले में ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहनी-तिलहनी फसलों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि रबी वर्ष 2025– 26 में जिले में बढ़ते जल संकट को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा विभागीय प्रदर्शन के माध्यम से 4091 हेक्टेयर

- जिले में 1455 हेक्टेयर में रबी बुवाई
- फसल संरक्षण के लिए किसान उगा रहे हैं चना, उड़द और सरसों
- पैरा जलाने से हो रहे नुकसान को रोकने पर जोर

में रबी फसल जैसे चना, उड़द, गेंहू, मक्का, सरसों, कुसुम, गन्ना आदि फसलों के माध्यम से फसल चक्र अंतर्गत अब तक 1455 हेक्टेयर में कृषकों से दलहनी–तिलहनी फसलों का बुआई कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रबी फसल बुआई का कार्य अभी प्रगति पर है। जिले में इस वर्ष विकासखण्ड बालोद के परसदा, खैरवाही, बेलमाण्ड, लाटाबोड़, विकासखण्ड डौण्डीलोहारा में हितापठार, मुड़पार, खोलझर, बुल्लूटोला, पिपरखार , कन्याबडरी मनकी, केरीजुगॅरा, विकासखण्ड गुण्डरदेही के ग्राम मोंगरी, सलौनी, फूलझर आदि ग्रामों के किसानों द्वारा पूर्ण रुप से ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य दलहनी–तिलहनी फसल ले रहे है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के माध्यम रबी वर्ष 2025–26 में 565 आयोजित कृषक चौपाल 7780 कृषक सम्मिलित हुए है।

इन चौपालों के माध्यम से खरीफ वर्ष 2025 में फसल कटाई के पश्चात फसल अवशेष के उचित प्रबंध (यथा पशुचारे के रुप में उपयोग करने, कम्पोस्ट खाद बनाने आदि) के संबंध में कृषकों को सलाह एवं पैरादान कराने के उद्देश्य से जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे फसल अवशेष को जलाने से होने वाले पर्यावरण एवं मृदा स्वास्थ्य के नुकसान को रोका जा सके। इससे प्रेरित हो कर कृषकों द्वारा जानवरों के लिए चारा व्यवस्था हेतु खेतों में पड़े पैरा संग्रहण का कार्य कर रहें है एवं जैविक कृषकों द्वारा पैरा से कम्पोष्ट खाद बनाने में उपयोग कर रहे है।

## 25 वर्ष पुराने जनप्रतिनिधियों को मिला गौरवपूर्ण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

साल 1999 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, जिसके साथ ही साडा का ढांचा बदला और पहली बार नगर

- लौह नगरी दल्ली-राजहरा के प्रथम जनप्रतिनिधियों का भावनात्मक पुनर्मिलन

पालिका परिषद की स्थापना की गई। 7 जनवरी 2000 को हुए शपथ ग्रहण के साथ दल्ली-राजहरा ने अपना पहला स्वशासन चुना, जिसने आने वाले वर्षों में नगर के विकास की दिशा तय की। इसी ऐतिहासिक प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अधिकारी और पार्षदों का भावनात्मक मिलन समारोह रविवार को बंग समाज भवन में आयोजित किया गया।

25 साल पुराने साथियों के मंच पर मिलते ही पूरा वातावरण







स्मृतियों, भावनाओं और उस दौर के संघर्षों से भर उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. शिरोमणि माथुर, प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, उपाध्यक्ष बिहारी लाल ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.डी. चंद्राकर, प्रथम इंजीनियर दिनेश सिंह नायक, लेखपाल के.के. चंद्राकर सहित उस समय के 19 से अधिक पार्षद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत उन दिवंगत पार्षदों को श्रद्धांजलि देकर हुई, जिनके योगदान के बिना यह सफर अधूरा है—बलदेव ठाकुर, नारायण राव, अशोक सपहा, बिना राम ठाकुर, राजू डहारे और लाल बिहारी पिपरे। मंच से 25 साल पुरानी यादों की झड़ी लग गई। किसी पार्षद ने बताया कि गली-नाली, पानी-बिजली की समस्याओं के चलते लोग रात-रात जगाते थे, लेकिन गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया, इसलिए सड़कें आज भी मजबूती से खड़ी हैं। किसी ने अपने खर्चे से गरीबों के राशन कार्ड बनवाए, किसी ने नौकरी मिलने पर दो बार पार्षद पद से इस्तीफा दिया, तो किसी ने सड़क मजबूत बनाने ठेकेदार की तगाड़ी तक फेंक दी। टॉर्च लेकर रात में समस्याएँ सुनने की कहानियाँ भी सामने आईं।

पूर्व अध्यक्ष पुरोबी वर्मा ने कहा- हम सब नए थे, पर संकल्प एक था- राजहरा का विकास। हमने कभी दल नहीं देखा, हर पार्षद एक परिवार था। उन्होंने बिजली के एनओसी के लिए रात में फोन करने और सुबह बिलासपुर पहुंचने की कहानी भी साझा की। पूर्व सीएमओ ने बताया कि तीन प्रमुख दलों- छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, भाजपा और कांग्रेस-को साथ लेकर काम करना बड़ी चुनौती थी, पर राजहरा में हुए कार्यों ने उन्हें राज्यभर में पहचान दिलाई। डॉ. शिरोमणि माथुर ने भावुक होकर कहा-जब बच्चों के खेलने के लिए कीचड़ ही कीचड़ था, न सड़कें थीं, न बिजली। आज राजहरा बदला है, और इस बदलाव की नींव आपने रखी। आप सभी इस नगर के विश्वकर्मा हैं। समारोह में सभी पूर्व पार्षदों और अधिकारियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. माथुर और पूर्व अधिकारियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। यह मिलन समारोह नगर के इतिहास की एक यादगार और प्रेरक शाम बनकर दर्ज हो गया।

## महिला कमांडो ग्रामीणों को सिखा रही गली में पानी बहाने से रोकने के उपाय

**बालोद।** महिला कमांडो ग्रामो में ग्रामीणो द्वारा घरो के गंदे पानी से गलियो में बहाने की समस्या को देखते हुए जनजागरण के कार्य करेंगे। पद्मश्री शमशाद बेगम ने बताया कि ग्रामों में भ्रमण के दौरान बहुत सारी अच्छी अच्छी बातें देखने सिखने को मिलता है।

सुनील चंद्रवंशी सीईओ जिला पंचायत बालोद से हुई चर्चानुसार यह बात हुआ कि कुछ ग्रामों घर का पानी लोग गलियों में बहने देते है जिससे काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए महिला कमांडो की बैठक में अवगत कराकर उन्हें प्रशिक्षित किया गया और लोगों को घर के पास सोखता गडडा बनाने का सुझाव देने हेतु कहा गया जिससे पानी



गली में न बहाया। इस पर सिब्दी महिला कंमाडो सरपंच ने लोगों से संपर्क किया। कुलेश्वरी महिला कंमाडो बतलाती है। हम लोग आठ कंमाडो है हमारे गाँव में घर का पानी गली में नहीं बहाना है घर मे सोखता गडडा बनाना है करके समझाते हैं और महिला कंमाडो के बात मानकर गाँव में पानी निकासी के जगह मे सोखता गडडा बनाये। जिससे पानी गली में नहीं बहते।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बालोद जिले के अंतर्गत अर्जुन्दा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास जवाहरपारा बालोद
मो. 8085026287, 9425559113
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा
रायपुर (छ.ग.)
9098595071, 8370049468

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411